जमीन दिलाने से लेकर लैंड यूज बदलवाने तक में की जाएगी मदद

जासं, लखनऊ : फरवरी में हुए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में दो लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने में प्रशासन जुट गया है। प्रोजेक्ट लगाने के इच्छुक निवेशकों को जमीन दिलाने से लेकर लैंड यूज बदलवाने और बैंक लोन दिलाने में भी प्रशासन सक्रिय भूमिका में रहेगा। प्रशासन की कोशिशें अगर कामयाब रहीं तो ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से पहले राजधानी में कई प्रोजेक्ट धरातल पर नजर आएंगे।

उपायुक्त उद्योग मनोज चौरसिया का कहना है कि जो भी निवेशक राजधानी में उद्योग लगाने के इच्छुक हैं उनको पूरा सहयोग किया जा रहा है। दो लाख करोड़ से अधिक निवेश के प्रस्तावों में उन प्रस्तावों को प्राथमिकता दी जा रही है, जिनके पास पहले से ही जमीन उपलब्ध है। उनकी जमीन का लैंड यूज चेंज कराने से लेकर बैंक से लोन दिलाने तक में अफसर समन्वय रखेंगे। इसके अलावा जो निवेशक निजी औद्योगिक पार्क विकसित करने के इच्छुक हैं उनको 90 प्रतिशत तक लोन केवल एक प्रतिशत ब्याज पर दिया जाएगा। कई निवेशक औद्योगिक पार्क को विकसित करने के लिए आगे आए हैं। निवेश मित्र पोर्टल पर उद्यमियों को सभी तरह की जानकारियां उपलब्ध हैं। प्रशासन ने घोषणा की थी कि जो भी निवेशक लखनऊ में इंडस्ट्री लगाने के लिए जमीन लेगा उसे लैंड यूज चेंज कराने के लिए तहसील के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। एमओयू के साथ ही लैंड यूज की एनओसी भी दी जाएगी।